RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 22 जुलाई 2022 | वर्ष 04 | अंक 84 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने किया ये ऐलान!

## गणेशोत्सव, मुहर्रम और दही हांडी पर लगे सभी प्रतिबंध खत्म

*महाराष्ट्र में दो साल बाद गणेशोत्सव के साथ-साथ मुहर्रम और दही हांडी का आयोजन किया जायेगा. हालांकि, इस दौरान सभी नियमों का पालन किया जायेगा. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद यह जानकारी दी है. सरकार ने गणेशोत्सव, मुहर्रम और दही हांडी पर कोरोना काल में लगे सभी प्रतिबंध हटा लिये गये हैं. हालांकि, इनके आयोजन में जरूरी नियमों का पालन किया जायेगा. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह जानकारी दी.*



### सभी नियम-कानून का पालन होगा

उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव, मुहर्रम और दही हांडी के दौरान सभी नियम-कानून का पालन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जो भी पाबंदियां लगायी गयी थी, उसे हमने हटा लिया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जो भी निर्देश हैं, उसका पालन करना सुनिश्चित करेंगे. बता दें कि महाराष्ट्र में गणेशोत्सव और दही हांडी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है. कोरोना संकट की वजह से पिछले दो सालों से कोई बड़ा आयोजन नहीं हुआ.

### गणेशोत्सव में नहीं रहेगी कोई पाबंदी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी के दौरान आयोजित होने वाले गणेशोत्सव में किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं रहेगी. यहां तक कि गणेश की प्रतिमा की ऊंचाई पर भी कोई पाबंदी नहीं होगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि गणेश उत्सव के लिए कुछ नियम-कानून का पालन करना सुनिश्चित जायेगा, ताकि लोगों को बाद में किसी तरह की परेशानी न हो.

### महाराष्ट्र के लोग इस बार खुलकर मनायेंगे उत्सव

श्री शिंदे ने कहा कि पिछले दो सालों से गणपति और दही हांडी का आयोजन नहीं हुआ. इसलिए इस बार लोग खुलकर उत्सव मनायेंगे. उन्होंने कहा कि हम बिना किसी समस्या के अपने उत्सव मनायेंगे. इसके लिए सभी तरह के इंतजाम किये जायेंगे. सिंगल विंडो परमिशन सिस्टम की व्यवस्था की जायेगी. इस बार सभी तरह की रियायत दी जायेगी.

# देश की पहली आदिवासी महिला चढ़ेगी रायसेन हिल की सीढ़ी...!

# राष्ट्रपति चुनाव में जीतीं द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली : राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटों की गिनती खत्म हो गयी है। इसके साथ ही NDA की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू चुनाव जीतकर देश की 15वीं राष्ट्रपति बन गई हैं। मुर्मू ने तीसरे चरण में ही विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराया। मुर्मू के जितने के बाद यह पहला मौका होगा जब कोई महिला आदिवासी रायसेन हिल की सीढ़ी चढ़ने वाली हैं।**




राष्ट्रपति चुनाव में पहले राउंड में सांसदों के वोटों की गिनती की गई। लोकसभा और राज्यसभा को मिलाकर कुल 776 सांसदों के वोट मान्य थे। हालांकि, इनमें 15 मत रद्द हो गए, जबकि कुछ सांसदों ने वोट नहीं डाले थे। कुल 748 सांसदों के 5,23,600 वैल्यू तक के वोट काउंट हुए।

राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि, दूसरे दौर के बाद, जहां पहले 10 राज्यों के मतपत्रों की वणार्नुक्रम में गणना की गई कुल वैध मत 1138 और उनका कुल मूल्य 1,49,575। इसमें से द्रौपदी मुर्मू को 809 वोट मिले, जिनकी कीमत 1,05,299 और यशवंत सिन्हा को 329 वोट मिले, जिनकी कीमत 44,276 है। उन्होंने कहा, यदि मैं संसद के पहले के परिणामों को शामिल करूँ, तो अब तक कुल 1,886 वैध मतों का मूल्य 6,73,175 है, जिसमें से द्रौपदी मुर्मू को 1,349 मत मिले, जिनका मूल्य 4,83,299 है। यशवंत सिन्हा को 537 वोट मिले, जिनकी कीमत अब तक 1,89,876 है। तीसरे चरण में 10 राज्यों के वोटों की गिनती की गई। इसमें कर्नाटक, केरल, एमपी, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा और पंजाब हैं। इस दौर में कुल वैध मत 1,333 हैं। वैध मतों का कुल मूल्य 1,65,664 है। द्रौपदी मुर्मू को 812 वोट, यशवंत सिन्हा को 521 वोट मिले। मुर्मू की जीत पर बधाई देते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि, द्रौपदी मुर्मू के नाम के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में एनडीए द्वारा प्रस्ताव को पार्टी लाइनों के समर्थन के साथ पूरा किया गया है मुझे यकीन है कि उनका कार्यकाल बहुत सफल होगा।

# आदित्य का शिंदे गुट पर निशाना

## 'जिन पर भरोसा किया, उन्होंने ही पीठ में छुरा घोंपा'

**भिवंडी :** एमवीए सरकार में मंत्री रहे और वर्तमान शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र की नवनिर्वाचित शिंदे सरकार पर जोरदार निशाना साधा. आदित्य ने कहा कि शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार गैरकानूनी, अलोकतांत्रिक है और यह लंबे समय तक नहीं चल पाएगी. भिवंडी, शाहपुर और इगतपुरी के दौरे पर गए आदित्य ठाकरे ने दोहराया कि असली शिवसैनिक अभी भी उनके पिता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ हैं, उन्होंने यह भी कहा कि मातोश्री के दरवाजे उन लोगों के लिए हमेशा खुले रहेंगे जो वापस लौटना चाहते हैं. बता दें कि शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे को सीएम की कुर्सी से हाथ धोना पड़ा था. इसके बाद शिंदे ने शिवसेना के 39 अन्य बागी विधायकों के साथ बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया था और महाराष्ट्र में सरकार बना ली थी. 30 जून को शिंदे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की शपथ ली, वहीं देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम की शपथ ली थी.




### जिन पर भरोसा किया उन्होंने ही घोंपा छुरा

आदित्य ठाकरे ने आगे कहा कि पिछले एक महीने में जो कुछ भी हुआ वह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण था. हमने जिस पर भरोसा किया और मंत्री पद दिया, उसने हमारी पीठ में छुरा घोंपा. उन्होंने कहा कि ये विद्रोही या क्रांतिकारी नहीं है, जैसा कि वे खुद को कहते है, ये केवल पीठ में छुरा घोंपने वाले हैं. यह लोकतंत्र या राजनीति नहीं है... जो चले गए वे कभी शिवसैनिक नहीं थे, यहां जो सैकड़ों लोग जमा हुए हैं, वे असली सैनिक हैं. जो चले गए, वे तो ऐसे हैं जिन्हें बहुत अधिक खाने के बाद अपच हो गया था. यात्रा के दौरान आदित्य ठाकरे ने कहा कि हमने पिछले ढाई सालों में विकास के नाम पर सब कुछ किया. हम राजनीति नहीं करते हैं. हमने कभी विपक्ष के खिलाफ झूठी शिकायत कर उन्हें परेशान नहीं किया और न ही कभी हमने अपने विधायकों की निगरानी की क्योंकि हम उन पर भरोसा करते थे.

# मुंबई के वर्ली इलाके में युवक ने कुल्हाड़ी से पुलिसवाले पर किया जानलेवा हमला, गाड़ियों में भी की तोड़फोड़

**वर्ली :** मुंबई के वर्ली इलाके में गाड़ियों में कुल्हाड़ी से तोड़फोड़ और पुलिस वाले पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस केस में 23 साल के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के हमले में पुलिस वाला गंभीर रूप से घायल हुआ है और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल्हाड़ी को भी जब्त किया है।



ज्ञात हो कि मुंबई के वर्ली पुलिस को सुचना मिली थी कि ई मोजेस रोड पर एक युवक कुल्हाड़ी से गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहा है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी उल्लास यादव सहित अन्य ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान युवक भड़क गया और उसनें यादव के पेट में और हाथ पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

वहीं इस हमले में पुलिस अधिकारी उल्लास यादव घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए तत्काल पास के अस्पताल में ले जाया गया। यह पूरी घटना बुधवार की बताई जा रही है। स्थानीय नागरिक और पुलिस की मदद से आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का नाम आवेश फारुख खान (23) है। वह वर्ली के जिजामाता नगर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास मौजूद कुल्हाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही उसके खिलाफ तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बहरहाल आरोपी गाड़ियों में क्यों तोड़फोड़ कर रहा था इसकी जांच पुलिस कर रही है।

## संपादकीय / लेख



# भारतीय मुद्रा की हालत

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

यह अप्रत्याशित तो नहीं, मगर चिंतित करने वाली खबर जरूर है कि मंगलवार को भारतीय मुद्रा, यानी रुपया अपने निम्नतम स्तर पर आ गया। एक डॉलर के मुकाबले उसकी कीमत 80.05 रुपये आंकी गई। जाहिर है, मुद्रा के मूल्य में किसी गिरावट का असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है और पहले से ही असह्य महंगाई से जूझ रहे आम भारतीय के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। हालांकि, सत्ता में बैठे लोग अब भी कह रहे हैं कि अन्य विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपये की स्थिति बहुत बेहतर है, इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था बुनियादी तौर पर मजबूत है। चिंता की बात यह है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुद लोकसभा में यह माना है कि दिसंबर 2014 से अब तक देश की मुद्रा 25 प्रतिशत तक गिर चुकी है। ऐसे में, महंगाई से फौरन छुटकारा मुश्किल दिख रहा है, क्योंकि इस गिरावट से आयात महंगा हो जाता है, और विदेशी मुद्रा भंडार भी प्रभावित होता है। ऐसे में, भारतीय रिजर्व बैंक के लिए भी ब्याज दरों को लंबे समय तक नीचे रखना कठिन हो जाएगा। गौर कीजिए, पिछले सात महीनों में ही रुपये में करीब सात फीसदी की गिरावट आ चुकी है।

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए व्यापक रूप से आयात पर निर्भर है। ऐसे में, रुपये की यह कमजोरी पेट्रो उत्पादों के आयात पर भारी पड़ रही है और अंततः घरेलू बाजार में भी पेट्रोल-डीजल के मूल्य-निर्धारण पर इसका असर पड़ेगा। सरकार की मुश्किल यह है कि दाम बढ़ाने की उसकी कोई भी कवायद विपक्ष को और अधिक हमलावर होने का अवसर मुहैया करा देगी। रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली चीजों पर पहली बार जीएसटी लगाए जाने के खिलाफ विरोधी पार्टियां पहले ही संसद से सड़क तक सरकार को घेरने में जुटी हैं। फिर महंगाई और बेरोजगारी आम सरोकार के मुद्दे हैं और तीन महीने बाद ही दो राज्यों- हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन दोनों ही प्रदेशों में भाजपा की सरकारें हैं। ऐसे में, सरकार के लिए यह चुनौतीपूर्ण स्थिति है। श्रीलंका की उथल-पुथल के बाद पाकिस्तान के पंजाब सूबे के हालिया उप-चुनावों के नतीजों ने जाहिर कर दिया है कि इस पूरे उप-महाद्वीप में महंगाई किस कदर निर्णायक रूप लेती जा रही है।

रुपये की मौजूदा स्थिति का एक क्षेत्र में फायदा उठाया जा सकता है, और वह है निर्यात का क्षेत्र। लेकिन दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं इस समय भारी अस्थिरता की शिकार हैं, महामारी के बाद यूक्रेन-रूस युद्ध ने विश्व अर्थव्यवस्था की हालत पतली कर दी है। इससे एक तरफ जहां मांग में कमी आई है, तो दूसरी तरफ आपूर्ति श्रृंखला भी बाधित हुई है। फिर भारत खाद्यान्न निर्यात को विस्तार नहीं दे सकता, क्योंकि उसकी अपनी घरेलू जरूरतें बड़ी हैं। हाल में उसे गेहूं निर्यात पर रोक लगानी पड़ी है। कुल मिलाकर, भारतीय अर्थव्यवस्था के नीति-नियंताओं के लिए यह वाकई कठिन परीक्षा की घड़ी है। उन्हें देश के खजाने की मजबूती भी बनाए रखनी है और आम लोगों की थाली का भी ख्याल रखना है। खासकर जरूरी चीजों की महंगाई को नियंत्रण में रखने को लेकर संवेदनशील रुख अपनाए जाने की आवश्यकता है। पिछले डेढ़ दशक के भीतर ही हमारे देश में इस बात के उदाहरण मौजूद हैं, जब गिरने के बाद भारतीय मुद्रा ने अपना मजबूत मुकाम बनाया था। उन तमाम अनुभवों से सबक लेते हुए देश के आर्थिक परिदृश्य को स्थिरता देने की जरूरत है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# यात्रियों का सामान लूटनेवाले लुटेरे को जीआरपी ने किया गिरफ्तार



**मुंबई** : पश्चिम रेलवे के मुख्य प्लेटफॉर्म पर यात्रियों का सामान लूटनेवाले लुटेरे को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। दरअसल आरोपी महंगे पेट्रोल से परेशान था, साथ ही गर्लफ्रेंड को घुमाने के लिए उसकी बुलेट में पेट्रोल नहीं रहता था। इसके लिए वह लूट की वारदात को अंजाम देने लगा। इस आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की १५ सदस्यीय टीम ने पश्चिम रेलवे के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर तीन रात जागकर गुजारीं।

अंधेरी जीआरपी के मुताबिक २७ वर्षीय आरोपी गोरेगांव का निवासी है। पिछले कुछ वर्षों से बेरोजगार है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए आरोपी पिछले पांच महीने से लूट की वारदात को अंजाम दे रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दादर, मुंबई सेंट्रल, बोरीवली और अंधेरी सहित कई स्थानों पर वारदात को अंजाम देता था। आरोपी की एक प्रेमिका है, जिसे खुश रखने और उसकी जरूरत सहित अपनी इच्छा को पूरी करने के लिए लूट और चोरी की घटना को अंजाम देता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अंधेरी जीआरपी में पिछले एक सप्ताह में करीब १० वारदात सामने आई हैं। उसके खिलाफ मोबाइल, लैपटॉप, नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम और मुखबिर को एक्टिव किया गया था। पुलिस की टीम ने पहले प्लेटफॉर्म के सभी वैष्ठमरों की जांच की गई। मुख्य द्वार के सीसीटीवी वैष्ठमरे में दिखा कि एक व्यक्ति आधी रात को खाली हाथ प्लेटफॉर्म पर आया लेकिन बाहर जाते समय उसके पास एक बैग दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस की टीम उसकी खोज में लग गई। इसके बाद महिला सहित पुलिस की १५ सदस्यीय एक टीम बनाई गई। जीआरपी पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए अपनी १५ टीम को अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर निगरानी के लिए रखा गया। सभी टीम ने शहर के मुख्य प्लेटफॉर्म पर आरोपी के इंतजार में तीन रात बिताईं।

## ऑनलाइन भुगतान ऐप के जरिए 22 लाख रुपए ठगने के आरोप में दो व्यक्ति




**मुंबई** : ऑनलाइन भुगतान ऐप के माध्यम से एक बुजुर्ग व्यक्ति के बैंक खाते से फर्जी तरीके से 22 लाख रुपए कथित रूप से निकाल लेने के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। डिंडोशी थाने के अधिकारी ने बताया कि पहले इन दोनों व्यक्तियों ने 68 वर्षीय एक वरिष्ठ नागरिक से दोस्ती की और फिर उनके मोबाइल पर गेम खेलने के बहाने ऑनलाइन भुगतान ऐप के जरिए उनके बैंक खाते से 22 लाख रुपए निकाल लिये। उन्होंने कहा, ''शिकायत दर्ज किये जाने के बाद हमने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस घटना की जांच की जा रही है।''


# कर्ज नहीं चुकाया 3 ड्राइवर का अपहरण, ऑटो भी ले गए



**मुंबई:** एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी से वसूली एजेंट होने का दावा करने वाले तीन लोगों ने कथित तौर पर एक ऑटोरिक्शा चालक का अपहरण कर लिया, और दिन के उजाले में मलाड में एक व्यस्त रास्ते पर उसका तिपहिया वाहन ले गए। तीनों लोगों ने दावा किया कि वाहन के मालिक ने वाहन ऋण नहीं चुकाया है। सड़क पर बने गड्ढों का फायदा उठाकर चालक बीच रास्ते में ही भागने में सफल रहा। बांगुर नगर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और यह सत्यापित करने की कोशिश कर रही है कि क्या वे फाइनेंस कंपनी के लिए काम करते हैं। 26 वर्षीय ड्राइवर संतोष महतो ने जीविकोपार्जन के लिए अपने परिचित प्रदीप उपाध्याय से किराए पर ऑटो लिया था। 18 जुलाई को महतो ने कुछ यात्रियों को मलाड के इनफिनिटी मॉल से लिंक रोड पर इनऑर्बिट मॉल तक पहुंचाया। यात्रियों के जाने के बाद एक और ऑटो आया और पास में ही रुक गया। तीन लोग दूसरे ऑटोरिक्शा से उतरे और महतो से अपने वाहन की चाबियां सौंपने को कहा। उन्होंने दावा किया कि वे बकाया भुगतान पर ऑटोरिक्शा को जब्त करने आए थे। जब महतो ने उनकी पहचान देखने की मांग की तो एक बहस छिड़ गई और पुरुषों ने उनके साथ मारपीट की। प्राथमिकी के अनुसार, पुरुषों ने कुछ कागजी कार्रवाई की और महतो को इन कागजातों को पकड़े हुए तस्वीरों के लिए पोज देने के लिए मजबूर किया। उनमें से एक व्यक्ति महतो के ऑटोरिक्शा के साथ कांदिवली की ओर चला गया।

## ओबीसी आरक्षण :

# महाराष्ट्र के प्रयासों को सफलता मिली - उद्धव ठाकरे



**मुंबई** : बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से ओबीसी समाज को न्याय मिला है। इसका समाधान है। यह श्रेय की लड़ाई बिल्कुल नहीं हो सकती, क्योंकि सर्व सामान्य जनता, विशेषकर दुर्बल समाज के भले के लिए काम करना किसी भी सरकार का कर्तव्य होता है। इसलिए ओबीसी आरक्षण के लिए शुरूआती दौर से ही महाविकास आघाड़ी के हम सभी दल पूरे दिल से प्रयत्न कर रहे थे। ऐसी प्रतिक्रिया ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में निर्णय पर शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को व्यक्त की।

महाविकास आघाड़ी सरकार के काल में तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आरक्षण के लिए अग्रणी भूमिका स्वीकार की थी, सभी पक्ष और ओबीसी नेताओं के साथ बैठक ली, समर्पित आयोग की नियुक्ति की, हर प्रकार से प्रयास किया। कल ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने की सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दी। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह मामला पेचीदा था, इसे सुलझाने के लिए हमने तब के विरोधीपक्ष, संबंधित सभी संगठन के लोगों से बारंबार चर्चा की और उन्हें विश्वास में लिया गया। जयंत बांठिया जैसे अनुभवी वरिष्ठ अधिकारी और उनकी टीम जिसने यह शिवधनुष उठाया है उनका जितना धन्यवाद कहा जाए उतना ही कम है। इसमें आयोग के सभी सदस्य और कर्मचारियों ने अधिक से अधिक मेहनत की है। राज्य का प्रशासनिक तंत्र और सभी घटकों ने भी खूब प्रयत्न किया।

# बिजली काटने का डर दिखाकर खाते से पैसे उड़नेवाले गिरफ्तार

**मुंबई** : बिजली काटने का डर दिखाकर खाते से पैसे उड़नेवाले दो सायबर जालसाज को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये शातिर अपराधी मूल रूप से जामताड़ा, झारखंड के रहनेवाले हैं और अपने आकाओं के कहने पर मुंबई की एक हाइप्रोफाइल दुकान से मोबाइल खरीद रहे थे। मोबाइल खरीदते समय आरोपी ने रिडीम वाउचर (गिफ्ट वाउचर) को नकदी में बदला, जिससे उसके राज खुल गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दक्षिण मुंबई के मलबार हिल पुलिस स्टेशन में पिछले दो महीनों में बिजली कांड की ६ शिकायतें दर्ज की गई हैं। मुंबई पुलिस की सायबर सेल ने जालसाजों को पकड़ने के लिए शहर में अपने खुफिया नेटवर्क को एक्टिव किया था। जांच के दौरान पुलिस को चेंबूर की एक दुकान से थोक में मोबाइल फोन खरीदने की सूचना मिली और उसका भुगतान रिडीम वाउचर के द्वारा किया जा रहा था। पुलिस टीम ने दुकान के पास जाल बिछाकर नई मुंबई में रहनेवाले २७ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में मुंबई में रहनेवाले दूसरे आरोपी का सुराग मिल गया।

# 2023 तक चालू हो जाएगी मुंबई कोस्टल रोड ?

**मुंबई :** मुंबई में कोस्टल रोड प्रोजेक्ट के पहले चरण (मरीन ड्राइव से वर्ली) का 58 फीसदी काम पूरा हो चुका है. ये जानकारी बीएमसी ने बुधवार को दी. बीएमसी के मुताबिक कोस्टल रोड प्रोजेक्ट के तहत सुरंगों का 69.5 फीसदी काम पूरा हुआ है. वहीं डाउन टनल का काम 100 प्रतिशत पूरा हो चुका है जबकि ऊपरी टनल का काम 39 फीसदी पूरा हुआ है. गौरतलब है कि ये प्रोजेक्ट 12 सौ करोड़ की लागत से तैयार होगा और इसके नवंबर 2023 तक चालू होने की पूरी उम्मीद है.

**107 हेक्टेयर भूमि का काम हुआ पूरा**

बता दें कि इस प्रोजेक्ट के लिए कुल 111 हेक्टेयर भूमि में से 107 हेक्टेयर का काम पूरा कर लिया गया है. समुद्र की दीवार पर भी 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है. गौरतलब है कि कुल प्राप्त भूमि में से 70 हेक्टेयर का इस्तेमाल सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए होगा. 26.50 हेक्टेयर परियोजना पर अंतर-परिवर्तन के निर्माण के लिए और 14.50 हेक्टेयर समुद्र की दीवार के निर्माण के लिए तटीय सड़क को समुग्र की लहरो से बचाने के लिए किया जाएगा.



इसी तरह, पुलों के नीचे बनने वाले 175 मोनो-पाइलों में से 10.58 किमी लंबी सड़क पर 70 यानी 40 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है. एमसीआर में 2.07 किलोमीटर की जुड़वां सुरंगें भी शामिल हैं, जिनमें से एक प्रियदर्शिनी पार्क से नेताजी सुभाष मार्ग तक तैयार है और दूसरी सुरंग का काम लगभग 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है.

**साउथ फेज के पूरा होने पर मिलेंगी ये सुविधाएं**

गौरतलब है कि साउथ फेज के पूरा होने पर, एक बायोडायवर्सिटी पार्क, एक तितली गार्डन, लैंडस्केपिंग, साइकिल ट्रैक, ओपन-एयर थिएटर जैसी मनोरंजक सुविधाओं के साथ शहर के लिए अतिरिक्त 8.50 किमी लंबा और 20 मीटर चौड़ा समुद्री सैरगाह पर्यटकों के लिए बैठने की जगह, शौचालय और 1,800 से अधिक वाहनों के लिए भूमिगत पार्किंग उपलब्ध होगी.

बता दें कि वर्तमान में, मरीन ड्राइव क्वीन्स नेकलेस के रूप में भी काफी पॉपुलर है और लगभग 3.60 किमी वाला शहर का सबसे लंबा सैरगाह भी है.एमसीआर वसोर्वा से विरार (पालघर) तक प्रस्तावित 44 किलोमीटर लंबी तटीय सड़क विस्तार के लिए 'महत्वपूर्ण लिंक' के रूप में काम करेंगी इनका लगभग दो तिहाई काम पूर हो चुका है.

# उद्धव ठाकरे गुट के कार्यकर्ता हर्षवर्धन पलांडे पर हमला, 2 गिरफ्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना गुट के एक कार्यकर्ता पर हमले के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सेना की कल्याण शहर इकाई के उप प्रमुख हर्षवर्धन पलांडे बुधवार को हमले में घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन पर हमला कल्याण ईस्ट में पुणे लिंक रोड पर किया गया. चार से पांच लोग एक कार में आए और पलांडे पर लाठियों, लोहे की छड़ों और धारदार हथियारों से हमला किया. एक अधिकारी ने बताया कि कोलसेवाड़ी पुलिस ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया. भारतीय दंड संहिता



की धारा 323, 324, 504, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है. पलांडे ने पत्रकारों से कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे एवं कल्याण लोकसभा सीट से सांसद श्रीकांत शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने उन्हें फोन करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. उन्होंने आरोप लगाया कि शिंदे गुट का समर्थन कर रहे एक पूर्व पार्षद के कुछ सहयोगियों ने उन पर हमला किया. हालांकि, पूर्व पार्षद ने कहा कि उनका मामले से कोई लेनादेना नहीं है और उनको बदनाम करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# शरद पवार ने NCP के सभी विभागों और प्रकोष्ठों को किया भंग, नहीं बताया कोई कारण



**मुंबईः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने पार्टी के सभी विभागों और प्रकोष्ठों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है. एनसीपी के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को यह जानकारी दी. एनसीपी के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने ट्वीट किया, '' एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के अनुमोदन से, सभी विभाग और प्रकोष्ठ तत्काल प्रभाव से भंग किए जाते हैं.'' हालांकि, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पटेल ने इस अचानक उठाए गए कदम के कारण का खुलासा नहीं किया.

**फैसले के कारण के संबंध में जानकारी नहीं**

महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी या एमवीए सरकार के गिरने के तीन सप्ताह बाद आए इस फैसले के कारण के संबंध में पूर्व केंद्रीय मंत्री की ओर से कोई जानकारी नहीं दी है. गौरतलब है कि एनसीपी शिवसेना के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का एक प्रमुख घटक था, जो जून के अंत में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना विधायकों के एक वर्ग द्वारा उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह के बाद गिर गया था.

**बीजेपी से हाथ मिला कर सरकार बना ली**

मालूम हो कि जून में शिवसेना नेता और महाराष्ट्र कैबिनेट मंत्री एकनाथ शिंदे पार्टी के 37 से अधिक विधायकों को लेकर पहले सूरत गए और फिर वहां से असम के गुवाहाटी चले गए. वहीं से तत्कालीन सरकार को गिराने की पटकथा लिखी गई. एक सप्ताह से अधिक चले सियासी उठापटक के बाद एकनाथ शिंदे ने बीजेपी से हाथ मिला कर सरकार बना ली और खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हो गए.


# मुंबई में मैनहोल के ढक्कन चोरी होने की घटनाएं बढ़ी...!

## BMC ने ड्रग एडिक्ट्स पर लगाया आरोप

**मुंबई :** मुंबई से हैरान कर देने वाली खबर आ रही है. दरअसल यहा चोर शहरों में लगे मैनहोल के ढक्कनों को भी नहीं छोड़ रहे हैं. गौरतलब है कि इस साल मानसून के सीजन में मैनहोल के कवर चोरी होने के मामलों में काफी इजाफा हुआ है. शहर के 24 एडमिनिस्ट्रेटिव वार्ड कार्यालयों द्वारा दर्ज की गई 239 शिकायतों में से पुलिस ने 200 से ज्यादा मैनहोल कवर की चोरी होने की एफआईआर दर्ज की है.

**मेनहोल कवर चोरी होने के मामलों ने BMC को किया परेशान**

इधर मैनहोल कवर चोरी होने के मामलों ने बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) के अधिकारियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है. दरअसल बीएमसी इस बात को लेकर चिंतित है कि भारी बारिश के दौरान जलभराव होने पर लोग सड़कों पर खुले मैनहोल में गिर सकते हैं और दुर्घटना



का शिकार हो सकते हैं.

**कहां सबसे ज्यादा चोरी हुए मैनहोल के ढक्कन**

रिपोर्ट के मुताबिक, जी नॉर्थ वार्ड में सबसे ज्यादा मैनहोल के ढक्कन गायब होने की 114 घटनाएं सामने आई हैं. जिनमें से पुलिस ने 34 मामलों में एफआईआर दर्ज की है. चोरी एलजे रोड, सेनापति बापट मार्ग, एके वैद्य मार्ग और माहिम में सेंट माइकल स्कूल के पास भी दर्ज की गई है. वहीं दूसरी ओर, दक्षिण मुंबई के वार्ड ए, बी, सी और डी में सबसे कम चोरी दर्ज की गई हैं.

वहीं जी नॉर्थ वार्ड के असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत सपकाले ने कहा कि ड्रग पेडलर्स और ड्रग एडिक्ट्स ही मैनहोल के ढक्कन चोरी करने की घटना को अंजाम दे रहे हैं क्योंकि उन्हें इसके लिए अच्छी कीमत मिलती है. उन्होंने कहा कि, ''यह एक संगठित अपराध है और इसे ऑटोरिक्शा, या वैन जैसे छोटे वाहन का उपयोग करके किया जाता है.''

सपकाले ने कहा कि गिरोह 1 बजे से 4 बजे के बीच काम करते हैं और चुंबक की मदद से मैनहोल कवर खींचते हैं. उन्होंने कहा किएक मैनहोल कवर लोहे की कास्ट से बना होता है और बाजार में कहीं भी इसकी कीमत 2,500 रुपये से 10,000 रुपये के बीच है. वहीं एस वार्ड के सहायक आयुक्त अजीत कुमार अंबी ने कहा कि मुख्य रूप से रात में पवई में मैनहोल कवर चोरी हो जाते हैं और वार्ड कार्यालय ने आठ पुलिस शिकायतें दर्ज की हैं.



# नालों के दूषित पानी को भी शुद्ध करेगी मनपा

## समुद्र और खाड़ी में शुद्ध कर छोड़ा जाएगा पानी

**मुंबई** : मनपा प्रशासन समुद्र किनारों पर छोड़े जाने वाले दूषित पानी को शुद्ध करने के लिए 7 जगहों पर एसटीपी प्लांट लगाने का निर्णय पहले ही लिया है। मनपा अब नालों के दूषित पानी को भी शुद्ध करने का निर्णय लिया है। नालों का दूषित पानी भी समुद्र अथवा खाड़ी में फेका जाता है । जिसके चलते मनपा अब नालों के दूषित पानी को भी शुद्ध करेगी इस तरह की जानकारी मनपा अधिकारियों ने दी। मनपा प्रशासन अगले 5 साल में 26 नालों पर जल शुद्धिकरण करने का प्रोजेक्ट लगाया जाएगा।मनपा इसके लिए 83 करोड़




रुपए खर्च करेगी। बता दे की समुद्र में और खाड़ी में फेका जाने वाला दूषित पानी पर्यावरण के लिए हानिकारक होता है।नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइड लाइन के अनुसार नालों के द्वारा छोड़ा जाने वाला पानी दूषित होता है बरसात का पानी भी नालियों के द्वारा समुद्र में जाता है। मनपा सीवेज के प्रमुख अशोक मेंगडे ने कहा कि मनपा निरी आईआईटी और वीजेटीई कहा कि मनपा इन संस्थाओं का भी सहयोग लेगी । उन्होंने बताया कि मनपा 2400 मिलियन लीटर पानी रोजाना ट्रीट कर समुद्र में फेका जाता है ।

मनपा नालो के दौरा फेका जाने वाला पानी का शुद्धिकरण चरण पद्धति से किया जाएगा। पहले चरण में मुख्य नालो जहा पर झोपड़ पट्टीया अधिक है वहा के नालो पर पहले केंद्र लगाया जायेगा। उनका कहना है कि एक शहर में सीवेज उत्पादन के लिए शहरी विकास मंत्रालय का बेंचमार्क है कि कुल पेयजल आपूर्ति का 80% निर्धारित किया गया है।जो एक दिन में 3000 मिलियन लीटर से ज्यादा हो सकता है। कम से कम 20 से 25 प्रतिशत दूषित पानी नालो के द्वारा समुद्र में फेका जाता है जिस पर अब प्रक्रिया कर ही समुद्र में छोड़ा जायेगा।

## महिला के साथ वायरल वीडियो पर नाना पटोले ने कहा

# मुझे बदनाम करने की हो रही कोशिश... !

**मुंबई** : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का चेरापूंजी का एक कथित वीडियो वायरल होने के बाद नाना पटोले ने कहा है कि मेरी बदनामी की कोशिश की जा रही है. बीजेपी नेता चित्रा वाघ ने ट्विटर पर नाना पटोले का एक महिला के साथ वीडियो शेयर कर निशाना साधा है. चित्रा वाघ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा की वीडियो को देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ. उधर चित्रा वाघ द्वारा ट्विटर पर वीडियो शेयर कर नाना पटोले से सवाल पूछने के बाद नाना पटोले ने कहां है कि कानूनी मार्ग से इसका जवाब दिया जाएगा. अपने वायरल वीडियो को लेकर आज नागपुर में पत्रकारों से बातचीत करते समय नाना पटोले ने कहा के महाराष्ट्र की राजनीति बहुत ही गंदी हो गई है. उन्होंने कहा कि, मेरी व्यक्तिगत



बदनामी करने के लिए यह वीडियो अपलोड किया गया है. राज्य में जब भी ओबीसी नेता अपना स्थान बनाता है तब तक उसके बदनामी कष्ट षड्यंत्र रचा जाता है. सामाजिक क्षेत्र में इस तरह के षड्यंत्र किए जाते हैं और जब से मैं यहां आया हूं मैं ऐसी चीजों के लिए तैयार हूं. हमारे पार्टी इसकी जांच करेगी. इसी के साथ नाना पटोले ने 'चरित्र हनन' का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी कानूनी टीम से वीडियो की जांच करने और चित्रा वाघ के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को कहा है.

# डी कंपनी के नाम पर धमकी देने वाले आरोपी मुंबई में गिरफ्तार

## 35 लाख रुपये की मांगी थी रंगदारी




**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में डी कंपनी के नाम पर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बताना चाहते हैं कि आरोपी लगातार मुंबई के कारोबारी को फोन कर कह रहा था कि वह डी कंपनी के शकील भाई का आदमी बिल्लो है और मुझे 35 लाख रुपये दे वरना तुझे उड़ा दूंगा। यह धमकी भरा फोन अंधेरी पूर्व में रहने वाले शख्स को लगातार आ रहा था।

आरोपी द्वारा लगातार दी जा रही धमकी से परेशान होकर कारोबारी ने ओशिवारा पुलिस थाने से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार अंधेरी में रहने वाले इस कारोबारी को 9 जुलाई से दूसरे राज्य के मोबाइल नंबर से लगातार फोन आ रहे थे। फोन करने वाला शख्स लगातार 35 लाख रुपये की फिरौती मांग रहा था। साथ ही रकम न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

पुलिस ने इस मामले में बिल्लो के खिलाफ ओशिवारा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है। आरोपी द्वारा 13 से 19 जुलाई के बीच दूसरे राज्य के नंबरों से भी फोन कर पीड़ित को धमकी दी गई। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच शुरू की थी। इसी बीच 19 जुलाई को ओशिवारा इलाके में जाल बिछाकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन और दो सिमकार्ड को जब्त किया। ओशिवारा पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में भी पेश किया है। जहां अदालत ने उसे 25 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस इस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इसनें कितने और लोगों से जबरन वसूली की है।

# गैंगस्टर छोटा शकील का सहयोगी मुंबई से गिरफ्तार... !

## 35 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप

**मुंबई** : मुंबई पुलिस ने भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि उसने एक कारोबारी से कथित तौर पर जबरन वसूली की कोशिश की थी. एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी.पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा की एंटी एक्सटॉर्शन सेल (अएउ) ने मंगलवार को उपनगरीय ओशिवारा से 25 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया था. आरोपी की अपनी पहचान ''बिल्लो'' के रूप में की गई है.

**आरोपी ने व्यवसायी से 35 लाख रुपये की मांग की थी**

पुलिस अधिकारी ने ज्यादा जानकारी देते हुए बताया कि, आरोपी ने 13 से 19 जुलाई



के बीच शहर में बेकरी की कई दुकान चलाने वाले व्यवसायी को कई बार फोन कर खुद के शकील का सहयोगी होने का दावा कर 35 लाख रुपये की मांग की थी. आरोपी ने दुकानदार से कहा था कि यदि मंगलवार तक भुगतान नहीं किया गया तो वह उसे गोली मार देगा. कारोबारी के पुलिस से संपर्क करने के बाद अपराध शाखा ने जाल बिछाकर बिल्लो को गिरफ्तार कर लिया.

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**

वहीं पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ भी जारी है. पुलिस आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है और ये पता लगाने की कोशिश में जुट गई है कि उसने अब तक कितने लोगों से जबरन वसूली की है. इसी के साथ पुलिस ने आरोपी से जुड़े लोगों तक पहुंचने की कोशिश भी शुरू कर दी है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016. मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।